पंजाब केसरी 08/11/2025

# वंदे मातरम् हमारी शाश्वत राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 7 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् की सामूहिक प्रस्तुति से हुई, जिसके पश्चात् छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों और कविताओं पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं,



*विद्यार्थियों को सम्बोधित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।* (चंद्रमोहन)

यह भारत माता के सम्मान, त्याग, शौर्य और राष्ट्रीय अस्मिता का शाश्वत स्वर है। यह हमारी आत्मा को शक्ति प्रदान करता है और हमें यह स्मरण कराता है कि मातृभूमि सर्वोपरि है।

आज का युवा वर्ग यदि अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रहित को अपना जीवन-सिद्धांत बना ले, तो भारत विश्व में नई ऊंचाइयों को अवश्य प्राप्त करेगा।

कार्यक्रम के समापन पर डा. दत्त ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के हृदय और स्मृति में सदैव जीवित रहेगा तथा उन्हें मातृभूमि की सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर दिए गए विशेष संबोधन का लाइव प्रसारण भी देखा, जिसे सभी ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

इस अवसर पर कॉलेज के एन.एस.एस. अधिकारी डा. पिंकी गुप्ता, डा. चंद्रपाल पूनिया, सहायक प्राध्यापक गीती बिंद्रा, हर्षिता लाम्बा एवं राजिन्दर मीरवाल मौजूद रहे।